## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली सरकार को एनजीटी ने लगाया 50 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। शहर को प्रदूषित करने वाली औद्योगिक इकाइयों को बंद करने में नाकाम पाए जाने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दिल्ली सरकार के खिलाफ 50 करोड़ का जुर्माना लगाया है। एनजीटी ने जुर्माना लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार शहर में प्रदूषण को बढ़ावा देने वाली लगभग 62 औद्योगिक इकाइयों को बंद कराने में नाकाम रही है। जिसकी वजह से उस पर ये फाइन लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कि दिल्ली में प्रदूषण को लेकर एनजीटी ने पहले ही दिल्ली सरकार से कहा कि था वो ऐसे औद्योगिक इकाइयों को बंद कराए जिनसे स्थिति खराब हो रही है। लेकिन दिल्ली सरकार ने एनजीटी के मनमाफित काम नहीं किया। हालांकि अभी तक एनजीटी की ओर से लगाए गए इस भारी-भरकम फाइन पर दिल्ली सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। ठंड बढ़ने के साथ हवा भी हो रही जहरीली, बता दें कि इस साल अच्छी बारिश होने की वजह से दिल्ली की आबो-हवा में सुधार देखने को मिला था। लेकिन अब ठंड बढ़ने के साथ हवा भी जहरीली होने लगी है। इसलिए हालात पर काबू पाने के लिए एनजीटी ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रैप यानी ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू कर दिया है। दिल्ली में फिलहाल पीएम 2.5 का स्थर 100 और पीएम 10 का स्तर 250 के आसपास पहुंच गया है।

### जूटमिल एवं पूंजीपथरा पुलिस की जुआ रेड कार्यवाही, 7 जुआरी पकड़ाये

रायगढ़। रविवार की रात जूटमिल व पूंजीपथरा पुलिस ने 7 जुआरियों को पकड़ा है जिनके पास से करीबन 6700 रूपए नकद और 52 पत्ती तास जप्त किया है। जानकारी के अनुसार जूटमिल पुलिस ने कायाघाट के मुक्ति धाम के पास 3 जुआरी और पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा ग्राम तराईमाल से 4 जुआरी को पकड़ा है।

### प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले 32 वाहनों पर घरघोडा पुलिस की कार्यवाही

रायगढ़। 14 अक्टूबर को थाना प्रभारी निरीक्षक डी.एल. मिश्रा द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले 32 वाहनों पर कार्यवाही कर 80,000 रूपये समन शुल्क का जुर्माना वाहन चालकों पर किया गया, इसके अतिरिक्त 04 प्रेशर हार्न वाले वाहनों पर प्रति वाहन 2,000 रूपये की दर से 8,000 रूपये समन शुल्क की वसूली की गई है ।

### कबाड समान से लदे दो वाहन पकड़े गये, 4 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। 14 अक्टूबर को घरघोड़ा पुलिस ने लोहे के कबाड के साथ दो पीकअप वाहनों को पकड़ा है, पीकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 डी -0695 में लगभग 22 क्विटल कबाड लोहा समान के साथ दो आरोपी - आनंद कुमार राठिया उम्र 35 वर्ष निवासी कोदवारीपारा धरमजयगढ, आलोक यादव उम्र 21 वर्ष निवासी डुगरूपारा धरमजयगढ़ पकडे गये तथा पीकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 एबी 6317 में 22 क्विटल कबाड़ लोहा समान के साथ दो आरोपी -ऋषि गुप्ता उम्र 28 साल निवासी नीचेपारा धरमजयगढ़, सखराम सारथी उम्र 46 वर्ष निवासी डुगरूपारा धरमजयगढ़ पकडे गये। आरोपियों से कबाड समान जप्त कर इस्तागासा क्रमांक 04, 05/18 धारा 41(1+4) सीआरपीसी /379 आईपीसी की कार्यवाही किया गया है।

### लकड़ी की तस्करी करते दो आरोपी चढ़े वन विभाग के हत्थे

**वाहन सहिंत 72 नग बीजा चिरान जप्त**

रायगढ़। कापू वन परिक्षेत्र से कीमती लकड़ियों की तस्करी करने वाले दो आरोपी वन विभाग के हत्थे चढ़ गए. मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन विभाग के कर्मचारियों ने एक पिकअप वाहन को पकड़ा, जिसमें 26 हजार रूपए कीमत की 72 नग बीजा चिरान लकड़ी बरामद किया है. साथ ही दो आरोपी संतोष रजक और सुकलाल को कापू वन विभाग ने गिरफ्तार किया है ।

# संत रामपाल को आजीवन कारावास की सजा

हिसार (आरएनएस)। सतलोक आश्रम हत्या मामले में संत रामपाल पर सजा का ऐलान हो गया है। उन्हें दो मर्डर केसों में आजीवन कारावास की सजा मिली है। रामपाल के साथ उसके 26 अनुयायियों को भी गुरुवार को दोषी करार दिया गया था। हिसार के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.आर.चालिया ने हत्या के दोनों मामलों और अन्य अपराधों में रामपाल और उसके अनुयायियों को दोषी ठहराया था।



बता दें कि इन हत्या के मामलों की सुनवाई लगभग चार साल तक चली है। 67 वर्षीय रामपाल और उसके अनुयायी नवंबर, 2014 में गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद थे। रामपाल और उसके अनुयायियों के खिलाफ बरवाला पुलिस थाने में 19 नवम्बर, 2014 को दो मामले दर्ज किए गए थे।

**क्या है मामला**

पहला मामला दिल्ली में बदरपुर के पास मीठापुर के शिवपाल की शिकायत पर जबकि दूसरा मामला उत्तर प्रदेश में ललितपुर जिले के सुरेश ने दर्ज कराया था।

दोनों ने रामपाल के आश्रम के अंदर अपनी पत्नियों की हत्या की शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि दोनों महिलाओं को कैद करके रखा गया और बाद में उनकी हत्या कर दी गई। हत्या के आरोपों के अलावा इन पर लोगों को गलत तरीके से बंधक बनाने का आरोप लगाया गया था। फिर पुलिस जब आश्रम के अंदर मौजूद रामपाल को गिरफ्तार करने जा रही थी तो उसके लगभग 15 हजार अनुयायियों ने 12 एकड़ जमीन में फैले आश्रम को घेर लिया था ताकि स्वयं-भू बाबा की गिरफ्तारी नहीं हो सके। स्वयं-भू बाबा के अनुयायियों की हिंसा के कारण छह लोगों की मौत हो गई थी।

इस बार हिसार जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये थे ताकि स्वयं-भू बाबा को सजा सुनाए जाने के बाद जिले में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को कायम रखा जा सके।

# रेलवे स्टेशन पर 31 बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया



गुवाहाटी। रेलवे स्टेशन पर 31 बांग्लादेशियों को सोमवार को हिरासत में लिया गया। रेलवे पुलिस अधीक्षक हेमंत कुमार ने यहां मीडिया को बताया, 'यह समूह गुवाहाटी-बेंगलोर एक्सप्रेस से बेंगलुरू से गुवाहाटी आया था। यह लोग अगरतला जाने के लिए कंचनजंगा एक्सप्रेस का इंतजार कर रहे थे।' उन्होंने कहा, 'पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि वे बांग्लादेश के हैं और उन्होंने लगभग चार साल पहले बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश किया था। वह बेंगलुरू में मजदूर के रूप में कार्य करते हैं।' दास ने कहा, 'उनकी योजना अगरतला पहुंचने की थी, जहां से वह सीमा को पार कर बांग्लादेश लौट जाते।' हिरासत में लिए 31 लोगों में 10 पुरुष, आठ महिलाएं, आठ लड़के और पांच लड़कियां शामिल हैं।

### आदर्श आचार संहिता एवं मीडिया प्रमाणन समिति के बिन्दुओं के संबंध में 17 अक्टूबर को बैठक

रायगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2018 अंतर्गत आदर्श आचार संहिता एवं मीडिया प्रमाणन समिति के बिन्दुओं के संबंध में 17 अक्टूबर को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष रायगढ़ में बैठक आहूत की गई है।

### सीबीएसई ने जारी किया शेड्यूल, 10 वीं और 12 वीं की मुख्य परीक्षा

रायपुर। सीबीएसई ने 10 वीं और 12वीं कक्षा के एग्जाम का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस बार पहले वोकेशनल कोर्स के पेपर होंगे। इसके बाद मुख्य विषय के पेपर होंगे। वोकेशनल की शुरुआत फरवरी में होगी। मार्च के अंत तक बोर्ड परीक्षा समाप्त हो जाएंगी। इधर, सीजी बोर्ड की परीक्षा भी इस बार समय से पहले होने की संभावना है। वहीं चुनाव की वजह से पढ़ाई प्रभावित हो सकती है।

**बदला पैटर्न-10वीं और 12वीं के वोकेशनल कोर्स**

10वीं- हिन्दी कोर्स ए, हिन्दी कोर्स बी, उर्दू कोर्स ए, उर्दू कोर्स बी, पंजाबी, बंगाली सहित 35 अन्य भाषा विषयों की परीक्षा होगी। इसमें मैथमेटिक्स, साइंस, सोशल साइंस, इंग्लिश कम्युनिकेशन, इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर, संस्कृत, होम साइंस, फाउंडेशन ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी।

12वीं- इंग्लिश इलेक्टिव, हिन्दी, उर्दू, संस्कृत, इंग्लिश कोर, हिन्दी कोर, उर्दू कोर, संस्कृत कोर, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी, फिजिक्स, मैथमेटिक्स, केमिस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी, फिजिकल एजुकेशन, बायोलॉजी, बिजनेस स्टडीज, होम साइंस, अकाउंटेंसी, इंफोर्मेटिक्स प्रैक्टिस, इंटरप्रेन्योरशिप, मल्टीमीडिया एंड वेब टेक्नोलॉजी, लीगल स्टडीज, कंप्यूटर साइंस, पंजाबी, बंगाली, मराठी ।


**12वीं के अंग्रेजी के पेपर में इस बार किए गया है बदलाव-** सीबीएसई ने साल 2019 में होने वाली कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बड़े बदलाव किए हैं। बोर्ड ने 12वीं के अंग्रेजी कोर पेपर के पैटर्न में बदलाव करते हुए प्रश्नों की संख्या को कम कर दिया है। यानी अब छात्रों को पहले के मुकाबले इस साल अंग्रेजी कोर पेपर में कम ही सवालों के जवाब देने होंगे। अब 35 सवालों के जवाब देने होंगे।

### मतदान केन्द्रों में उपयोग हेतु सील तैयार करने के लिए 22 अक्टूबर तक निविदा आमंत्रित

रायगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2018 अंतर्गत मतदान केन्द्रों में उपयोग हेतु मॉकपोल सील साईज 3 सेमी.×1.5 सेमी एवं सुभिन्नक सील तैयार कर उपलब्ध कराने हेतु 22 अक्टूबर दोपहर 1.30 बजे तक निविदा आमंत्रित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति जिला निर्वाचन कार्यालय (सामान्य) रायगढ़ में निविदा प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त निविदा 22 अक्टूबर को सायं 5 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। सील का नमूना जिला निर्वाचन कार्यालय रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर अवलोकन कर सकते है।

### होटल ट्रिनिटी ग्रेंड का आंगन रचेगा गरबा डांडिया का इतिहास

रायगढ़। माँ दुर्गा की आराधना का पर्व नवरात्रि पर रास गरबा कर माँ दुर्गा की आराधना का गुजरात का पारंपरिक रास गरबा का दो दिवसीय भव्य आयोजन रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर एवं होटल ट्रिनीटी ग्रांड के संयुक्त तत्वाधान में 17 एवं 18 अक्टूबर को होटल ट्रिनीटी ग्रांड में शानदार गरबा महोत्सव छोगाड़ा वेब्स डांडिया नाइट 2018 की सौगात लेकर आ रहा है। जिसमें रायगढ़ वासी मशहूर टीवी सिरियल कुमकुम भाग्या, बंदनी, पुनर्विवाह फेम लीना जुमानी एवं फिल्म मोहब्बते, मेरे यार की शादी है,आशिक बनाया आपने फेम बॉलीवुड सेलीब्रेटी शरारा शरारा गर्ल शमिता शेट्टी के साथ डांडिया की महफिल में शामिल होकर रंग जमाएंगे।




इस कार्यक्रम में रोटीरियन निखिल थगट पास्ट प्रेजिडेंट क्रेड़ाई छत्तीसगढ़, पास्ट प्रेसीडेंट रोटरी क्लब रायपुर मिड टाउन एवं पास्ट असिस्टेंट गवर्नर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के निवृतमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर हरजीत सिंह हुरा, आगामी गवर्नर रंजीत सिंह सैनी, विशेष रूप से शामिल होंगे।

होटल त्रिनिटी ग्रांड में शाम 7 बजे से 10 बजे तक संगीतमयी शाम 11 सदस्यीय जबलपुर के लाइव बैंड एवं एंकर, 10 सदस्यीय गरबा कोरियोग्राफर एवँ अन्य गरबा ग्रुप माँ दुर्गा की आराधना के गरबा भजन के हिंदी-राजस्थानी गीतों के साथ थिरकेंगे दिनांक 17 अक्टूबर बुधवार टी.वी. कलाकार लीना जुमानी एवं 18 अक्टूबर गुरुवार अभिनेत्री शमिता शेट्टी शिरकत करेंगी।।

### उर्दना सांई मंदिर में महाभंडारा 18 व 19 अक्टूबर को

रायगढ़। आस्था एवं उल्लास का पर्व दशहरा सत्य की असत्य पर विजय के रूप में मनाया जाता है, इसीलिए इसे विजयादशमी भी कहते हैं। यह वर्ष श्री सांई बाबा की समाधि का शताब्दी वर्ष है अर्थात इस वर्ष सन् 2018 को बाबा के प्रयाण के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं।



इसी अवसर पर शिरड़ी तथा अन्य स्थानों पर महाशताब्दी वर्ष धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में रायगढ़ के उर्दना स्थित साँईधाम में भी इस पर्व को विशेष रूप से मनाने का निर्णय श्री साँई सेवा संस्थान द्वारा लिया गया है। इसके अंतर्गत 18 एवं 19 अक्टुबर को महाभण्डारा का आयोजन किया गया है। श्री साँई सेवा संस्थान ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है। कि उक्त दो दिवसीय भण्डारे में पधारकर बाबा का आशीर्वाद एवं प्रसाद ग्रहण करें।

### निजी स्कूल संचालकों को भी अब बताना होगा सारा रिकार्ड

रायगढ़। स्कूल शिक्षा विभाग ने साल 2018-19 में बच्चों को मिलने वाली तमाम सरकारी सुविधाओं के डेटा को ऑनलाइन करने के लिए इसी महीने की आखिरी तारीख तक अपडेट करने का लक्ष्य रखा है। सरकारी स्कूल में टेबलेट और पीसी (पर्सनल कम्प्यूटर) से मॉनिटरिंग की जा रही है।

**तत्काल आवश्यकता हैं**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर
एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931